Loksatta

टिकर ने लॉच किये 'टिकर वेल्थ' और 'टिकर ईओडी'

नईदिल्ली, एजेंसी ।

वित्तीय कंटेंट प्रदाता कंपनी टिकरप्लांट लिमिटेड (टिकर) ने म्युचुअल फंड बाजार में बैक ऑफिस एवं निवेश की सुविधा वाले वेब-आधारित एप्लीकेशन 'टिकर वेल्थ' और 'टिकर ईओडी' लॉच करने की घोषणा की है।

टिकर वेल्थ एप्लीकेशन में व्यक्तिगत वित्तीय सलाहकारों (आईएफए), म्युचुअल फंड वितरकों के साथ साथ निवेशकों के लिए आवश्यक फीचर हैं। टिकर ईओडी का मकसद छात्रों, शोधकर्ताओं, निवेशकों को [illegible] धारणा और रुझानों को समझने में मदद करना है। टिकर वेल्थ में एयूएम रिपोर्ट, एसआईपी रिपोर्ट (एसआईपी-एक्सपायर्ड, बाउंस्ड, एक्सपायरिंग आदि) क्लाइंट

उद्देश्य

- **टिकर ईओडी का मकसद शोधकर्ताओं को रुझानों को समझने में मदद करना**

पोर्टफोलियो (संक्षिप्त एवं विस्तृत रिपोर्ट), ट्रांजेक्शन रिपोर्ट और डिविडेंड रिपोर्ट आदि जैसे कई नए फीचर शामिल किये गये हैं। टिकरप्लांट के संयुक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी अरिंदम साहा ने यहां जारी बयान में कहा कि इस उत्पाद के साथ आईएफए और अन्य लोगों को उनके व्यवसायों के प्रभावी ढंग से प्रबंधन में मदद करने की योजना बनाई गयी है। म्युचुअल फंड निवेश के जरिये बचत करना वित्तीय समावेशन और समृद्धि के लिए बेहद महत्वपूर्ण है।' ब्रोकरेज गणना के लिए, यह एप्लीकेशन मासिक ब्रोकरेज रिपोर्ट, अपफ्रंट कमीशन, ट्रेल कमीशन और अन्य ब्रोकरेज इंसेटिव रिपोर्ट मुहैयां कराएगा। इस तरह की सभी रिपोर्टें फोलियो और स्कीम के अनुसार प्रदर्शित की जाएंगी। पोर्टफोलियो और ट्रांजेक्शन पर नजर रखने के लिए वेब लॉगिन सुविधाएं ग्राहकों को मुहैया कराई गई हैं। म्युचुअल फंड वितरकों के लिए अतिरिक्त लाभ के तौर पर क्रमवार ढंग से रिपोर्ट और क्षेत्रवार एयूएम रिपोर्ट भी उपलब्ध हैं। उन्होंने कहा कि टिकर ईओडी एक ऐसे ग्राहक अनुकूल प्लेटफॉर्म है जो इक्विटी, डेरिवेटिव, कमोडिटी, करेंसी और फिक्स्ड इनकम मार्केट की विस्तृत जानकारी प्रदान करता है। तीन हजार से अधिक सूचीबद्ध भारतीय कंपनियों की आधुनिक डिजिटल लाइब्रेरी को इनबिल्ट रेसियो एनालिसिस के साथ अध्ययनों के इस्तेमाल के जरिये सही जानकारी मुहैया कराने के लिए एक उत्पाद से जोड़ा गया है।